卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 272 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦9 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## भारी बारिश से मकान ध्वस्त ,दंपति की मौत

### आधी रात भरभराकर गिरी छत, प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे, युवती घायल

काशीपुर( उद संवाददाता)। कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मिस्सरवाला में आधी रात के बाद लगभग 2:30 बजे तेज हवाओं के साथ हो रही मूसलाधार बारिश के बीच मकान भरभरा ध्वस्त हो गया। मलबे की चपेट में दम कर वृद्ध दंपत्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हुई जिसे उपचार के लिए नगर के मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना जैसे ही प्रशासनिक अधिकारियों को मिली स्थानीय पुलिस फोर्स के अलावा तहसीलदार व एसडीएम घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए उसे पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अकस्मात घाटी घटना को लेकर मृतक परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मिस्सरवाला निवासी नसीर अहमद 65 वर्ष अपनी पत्नी मोहम्मदी 60 वर्ष तथा नवासी मंतसा 18 वर्ष के साथ रोजाना की भांति घर के कमरे में सोए हुए थे इसी दौरान रात्रि लगभग 2:30 बजे मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं के बीच तीन कमरे और बरामदे का पक्का मकान अचानक भरभरा कर गिर गया। इस दौरान मलबे में दबकर दंपत्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मृतक की निवासी मंतसा के दोनों पैर कूल्हा व पहली टूट जाने से वह गंभीर रूप से घायल हुई जिसे उपचार के लिए तत्काल राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां युवती की हालत को नाजुक देखते हुए उसे चिकित्सकों ( **शेष पेज सात पर** )

## महिला संग प्रधान का अश्लील वीडियो वायरल

### क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गरम सर्दियों का लग रहा है वीडियो

ऊधमसिंहनगर( उद संवाददाता)। महिला के साथ अवैध सम्बन्ध बनाते एक प्रधान का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। आरोपी ग्राम प्रधान एक शिक्षक भी है। यह मामला शक्तिफार्म क्षेत्र का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमे ग्राम प्रधान महिला के साथ अवैध सम्बन्ध बनाते हुये साफ दिखाई दे रहा है। अवैध सम्बन्ध बना रहे व्यक्ति ने सर्दियों के कपड़े पहने हुये है। जिससे साफ होता है कि यह वीडियो हाल फिलहाल का नही है बल्कि पुराना सर्दी के मौसम का है। बताया जा रहा है कि आरोपी ग्राम प्रधान शक्तिफार्म के किसी क्षेत्र का ग्राम प्रधान है और वह किसी स्कूल का अध्यापक भी है। वीडियो में दिख रहा व्यक्ति ग्राम प्रधान ही है या कोई और यह तो जांच का विषय है। फिलहाल क्षेत्र में यह वीडियो पूरी तरह से वायरल हो चुका है। लोगों में इस वीडियों को लेकर चर्चाओं का बाजार गरम है।

उनका कहना है कि यदि शिक्षक ही ऐसा अनैतिक कार्य करेगा तो बच्चों पर इसका क्या असर पड़ेगा। बच्चों को ज्ञान का पाठ पढ़ाते –पढ़ाते शिक्षक खुद ही सही और गलत कार्य में अन्तर करना भूल गया। महिला के साथ ग्राम प्रधान का अश्लील वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र के लोगों में काफी गुस्सा है और वह ग्राम प्रधान के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में है। बहरहाल वीडियो को देखने के बाद इतना साफ है कि ग्राम प्रधान महिला की रजामंदी से अवैध सम्बन्ध बना रहा है और यह वीडियो घर के अन्दर का है। वीडियो कई माह पुराना और सर्दियों का है और इसके कई माह बाद सोशल मीडिया पर वायरल होने के कई मायने निकाले जा रहे है। कुछ इसे राजनीतिक दृष्टि से देख रहे है तो वही इसे ब्लैकमेलिंग से भी जोड़ा जा रहा है। इस वीडियो में दिख रहा व्यक्ति ग्राम प्रधान और शिक्षक ही है इसकी हम पुष्टि नही कर रहे है। यह जांच का विषय है।

## नदी में गिरी मैक्स ,तीन शव निकाले, तीन लापता

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के ऋषिकेश के थाना मुनि की रेती में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। सोनप्रयाग से ऋषिकेश आ रही एक मैक्स नदी में गिर गई। गाड़ी में 11 लोग सवार थे। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तीन शव निकाल लिए है। जबकि तीन लापता है। अन्य पांच लोगों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, ऋषिकेश के थाना मुनि की रेती की चौकी ब्यासी पर



सूचना मिली कि सोनप्रयाग से ऋषिकेश आ रही एक मैक्स गाड़ी मालाकुंती पुल से होटल आनंद काशी के बीच में राष्ट्रीय राजमार्ग से नीचे नदी में गिर गई। गाड़ी में चालक समेत 11 लोग सवार थे। सूचना मिलते ही मौके पर थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम पहुंची। टीम ने नदी से पांच लोगों (शेष पेज सात पर)

गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

**रस्म पगड़ी**



बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिता **श्री श्याम सुंदर खन्ना जी** पुत्र स्व. प्रेमदास खन्ना का स्वर्गवास दिनांक **8-7-2023** को हो गया है। जिनकी रस्म पगड़ी दिनांक **11-7-2023 मंगलवार को दोपहर** 2 **बजे से** 3 **बजे** तक श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (पांच मंदिर),रूद्रपुर में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

रोहित खन्ना- प्रीति (पुत्र- पुत्र वधू)
अक्श, तुशाली (पौत्र- पौत्री)
एवं समस्त खन्ना एवं वासन परिवार
अंजू–राजेश आनन्द (पुत्री–दामाद)
शालिनी–राजीव खुराना (पुत्री–दामाद)
आकाश, आशिमा (दौत्रा–दौत्री)
निखिल, निकिता (दौत्रा–दौत्री)

फर्म –ऊषा स्टील, रूद्रपुर मो- 9927088109, 7830080999

## जलभराव से रोषित लोगों का निगम के खिलाफ प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जलभराव से आक्रोशित वार्ड नंबर 32 भूरारानी के लोगों ने पार्षद मोहनखेड़ा के नेतृत्व में नगर निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और चेतावनी दी यदि शीघ्र ही जलनिकासी की व्यवस्था के साथ नगर निगम से स्वीकृत कार्य पूरे नहीं कराए गए तो वह आंदोलन को बाध्य होंगे। पिछले कुछ दिनों से हो रही बरसात के कारण भूरारानी स्थित आरएएन पब्लिक स्कूल और सत्यनारायण कॉलोनी में जबरदस्त जलभराव हो गया है। जिसकी जानकारी मिलने पर पार्षद खेड़ा के नेतृत्व में लोगों ने वहां पहुंचकर प्रदर्शन किया। पार्षद खेड़ा ने कहा कि नगर निगम में उन्होंने वार्ड नंबर 32 सत्यनारायण कॉलोनी से आरएएन स्कूल होते हुए मित्तल पाइप फैक्ट्री तक सीसी सड़क व नाला निर्माण नगर निगम के पटल पर रखा था। जिसका टेंडर हो चुका हैं। इस बात को करीब 1 वर्ष बीत चुका है। टेंडर होने के बाद संबंधित ठेकेदार ने सारी औपचारिकताएँ पूर्ण कर ली हैं। लेकिन मेयर रामपाल सिंह वर्क ऑर्डर जारी नहीं कर रहे हैं। उनका आरोप है कांग्रेसी (शेष पेज सात पर)

# जयघोषों के साथ अमरनाथ यात्री रवाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री अमरनाथ यात्रा मंडल के तत्वाधान में आज अमरनाथ की 18 वीं यात्रा प्रारम्भ हुई। भगवान शंकर के जयघोषों के साथ आज करीब डेढ़ सौ यात्री तीन वाहनों से बाबा अमरनाथ की यात्रा के लिए रवाना हुए। अमरनाथ सेवा मण्डल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ यात्रा के लिये 151 लोगो के जत्थे को विधायक शिव अरोरा ने पांच मन्दिर से रवाना किया। अमरनाथ सेवा मण्डल रुद्रपुर के तत्वावधान में हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु अमरनाथ वैष्णो देवी तीर्थ स्थल की यात्रा को जाते हैं। इस वर्ष भी विधायक शिव अरोरा ने श्रद्धालुओं को रवाना किया और विधायक बोले निश्चित रूप से हर वर्ष अमरनाथ की यात्रा के लिये लोग रुद्रपुर से जाते हैं और इस प्रकार का श्रद्धा भाव दर्शाता है कि भगवान महादेव बाबा बर्फानी में हम सभी की बहुत बड़ी आस्था है, इन सभी के सुरक्षित सुखमय मंगल यात्रा की कामना करते हैं। कांवड़ यात्रियों को शुभकामनायें देते हुइए विधायक शिव अरोरा, उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, गुलशन छावड़ा, हरीश जलहोत्रा, सतीश दुआ, राजू नारंग, राजू हुडिया, चुन्नीलाल चुघ, मेयर रामपाल सिंह, विकास शर्मा, प्रीती धीर, अशोक गाबा, रमेश गांधी आदि ने विदाई दी। इससे पूर्व पांच मंदिर में सभी श्रद्धालुओं ने विधिविधान से पूजा अर्चना की। जिसके बाद ढोल के साथ श्रद्धालुओ का माल्यार्पण कर शोभा यात्रा के रूप में जयघोष करते हुए मुख्य बाजार से होते हुए रोड़वेज स्टेशन के समक्ष पहुंचाया गया। जहां से श्रद्धालु अनेक बसों से अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए। रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में सुनील ठुकराल, अजय चड्ढ़ा, अंकित नरूला, भावना छावड़ा, कपिल अरोरा, मनीष चुघ, अजय लूथरा, नितिश धीर, अक्षय गाबा, साहिल ग्रोवर, मनीष कालरा, सचिन मदान, गौरव अरोरा, रोहन जग्गा, रजत वर्मा, पूजा सहगल, माही सहगल, कीर्ति मधवाल, ईशा चौहान, निशा बत्रा, दिव्यांशी, रितू छावडा, मनीषा रानी, नीतू नागपाल, सविता अरोरा, मनाली ठुकराल, पावनी मनोचा आदि शामिल थे।

# अवैध खनन से भरे वाहन को किया सीज

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी हल्द्वानी एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी, गौला के दिशा-निर्देशन में वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान मानसून गश्त के तहत वन सुरक्षा दल प्रभारी श्री प्रमोद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में टीम शनिवार को किच्छा सितारगंज मार्ग पर नियमित गश्त पर थी। टीम को लगभग 10.53 पर एक 16 टायरा ट्रक तेजी से आता हुआ दिखाई दिया,उक्त ट्रक को जांच हेतु रोकने का इशारा किया गया। टीम को देखकर वाहन चालक डर की वजह से वाहन को मार्ग के किनारे रोककर भागने लगा, टीम द्वारा पीछा करने पर चालक पकड़ में नहीं आ पाया। वाहन 16 टायरा ट्रक संख्या UP26T&9526 की खाना तलाशी लेने पर वाहन उक्त में रेता

लगभग 600 कुंटल लदा था तथा वाहन में रेता अभिवहन संबंधी कोई भी वैध प्रपत्र नहीं पाएं गये, वाहन उक्त के चालक/ स्वामी द्वारा भारतीय वन अधिनियम 1927 (उत्तरांचल संशोधन 2001) की धारा 41,42 के अंतर्गत दंडनीय अपराध किया गया है। उक्त वाहन को टीम द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर विभागीय संसाधनों की सहायता से ढोला वन चौकी परिसर में मुजाहिद वन बीट अधिकारी बाराकोली रेंज की सुपुर्दगी में अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु सुरक्षित खड़ा कर दिया गया है। टीम में दिनेश चंद्र बुध लाकोटी वन दरोगा, पान सिंह मेंहता,वन दरोगा, सोनू कुमार वन आरक्षी, नरेंद्र पांडे वन आरक्षी वाहन चालक चंदन सिंह मौजूद थे।

# अनुदान में ट्रेक्टर दिलाने के नाम पर दो लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत सरकार द्वारा थारू जनजाति के छोटे किसानों को अनुदान पर ट्रेक्टर देने की बात कह कर कुछ लोगों ने एक किसान से दो लाख रुपए की ठगी कर ली। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में महेश सिंह पुत्र किशन लाल निवासी साधु नगर सितारगंज ने कहा है कि मई 2013 में गदरपुर निवासी रफीक सैफी पुत्र सूखा, सनव्वर अली पुत्र जुम्मा, मुजीद बेग व अमन पुत्र हंसी ग्राम दोहरी सितारगंज निवासी ओम प्रकाश के साथ उसके घर आए और स्वयं को मैग्मा फिनक्राप कम्पनी के अधिकारी बताते हुए कहा भारत सरकार द्वारा थारू जनजाति के छोटे किसानों को पिछत्तर प्रतिशत अनुदान पर मैग्मा फिनक्रॉप कंपनी कोलकाता के माध्यम से ट्रेक्टर दिया जा रहा है। जिसके लिए हर किसान को दो लाख रुपए, जमीन की खसरा खतौनी, पहचान पत्र व दो फोटो जमा करानी होगी। महेश ने बताया उनकी बातों पर विश्वास करके उसने सारी औपचारिकताएं पूरी कर दी। दो लाख रूपये एवं आवश्यक कागजात लेकर उन्होंने उसे महक मशीनरी स्टोर ट्रैक्टर सप्लाई रूद्रपुर बुलाया तथा वहाँ से उसे मैग्मा फिनक्राप कार्यालय हल्द्वानी ले गए। पैसा लेकर व अन्य सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर विभिन्न कागजों व स्टाम्पों में हस्ताक्षर कराने तथा सितारगंज स्थित देना बैंक की शाखा में उसका खाता खुलवाकर चौक बुक जारी करवाकर सभी सादा चौकों पर उसके हस्ताक्षर कराकर चौक बुक ट्रैक्टर के साथ वापिस करने की बात कहकर चौक बुक अपने पास रख ली। परंतु उसे कोई ट्रैक्टर नहीं मिला। बल्कि साजिश करके मैग्मा फाइनेन्स कम्पनी कारपोरेशन लि0 द्वारा उसके विरूद्ध मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, कोलकाता के न्यायालय में वसूली का वाद दायर कर दिया। उसके विरूद्ध एक पक्षीय वसूली आदेश कोलकाता न्यायालय से प्राप्त करके ट्रैक्टर लोन की वसूली धनराशि प्राप्त करने हेतु एक वाद जिला जज ऊधमसिंह नगर के न्यायालय में दायर कर दिया। उक्त ट्रैक्टर लोन की धनराशि अदायगी का नोटिस जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली से प्राप्त होने के खिलाफ उसने उपरोक्त लोगों से बात की लेकिन संतोष जनक उत्तर नहीं मिला। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गदरपुर से बाबा अमरनाथ की यात्रा पर जत्था रवाना

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाबा बर्फानी अमरनाथ गुफा जम्मू कश्मीर की यात्रा के लिए वार्ड नंबर 4/7 सभासद रोहित सुदामा के नेतृत्व में जत्था रवाना हुआ। सुदामा ने बताया की लगातार 15 वर्षों से बाबा अमरनाथ की 10 दिवसीय यात्रा हेतु बाबा के श्रद्धालु नौजवानों का जत्था ले जाकर बाबा की अनुकंपा प्राप्त की जाती है इस दौरान सचिन बत्रा,सुनील अरोरा,राजेश तनेजा,सत्या शर्मा,पीयूष अरोरा, केशव गुम्बर,योगेश छाबड़ा, कुनाल ग्रोवर,रोहित सुदामा, गौरव कुकरेजा,रिंकू,राजू फुटेला आदि शामिल थे।

# पुण्य तिथि पर याद आए स्वर्गीय सीताराम राय

किच्छा(उद संवाददाता)। भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय सीताराम राय की 16 वी पुण्य तिथि पर दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी आवास पहुंच कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान पदाधिकारियों ने उनकी याद में पौधा रोपित किए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता राजीव सक्सेना, किशन गोयल, विवेक दीप सिंह, दिनेश भाटिया, विवेक राय, लता सिंह ने कहा के स्वर्गीय श्री राय ने अपनी जीवन काल में किसानों गरीबों की समस्याओं को पार्टी के उच्च स्तरों पर रखते हुए हमेशा उन्हें आगे बढ़ाने की बात कही कहना था कि राय ने पार्टी को कुमाऊं क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए पार्टी की निरंतर सेवा की। कहना था कि राय के प्रयासों के चलते ही पार्टी आज इतने बड़े स्तर पर पहुंच सकी। कहना था कि पार्टी

के कार्यकर्ता को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए पार्टी हित में कार्य करना चाहिए इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद बलराज पासी, जिला अध्यक्ष भाजपा कमल जिन्दंल, दर्जा राज्य मंत्री मजहर नवाब, विवेक सक्सेना, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, गोल्डी गोराया, दिनेश भाटिया, महेन्द्र पाल, स्वत्रन्त राय, विवेक राय, विनोद राय, नृपेन्द्र राय, प्रकाश पन्त, शोभित शर्मा, नितिश बाला, अक्षय अरोरा, हरीश खानवानी, लता सिंह, विनय राय, राजीव सक्सेना, अभिषेक सक्सेना थे।

# भारत विकास परिषद ने किया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद द्वारा स्थापना दिवस पर शहर के प्रमुख डॉक्टरों के सहयोग से बहुचिकित्सीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन स्वर्गीय श्री तिलक राज कपूर स्मृति बालिका विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल जगतपुरा में आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विकास परिषद पिछले कई वर्षों से जनमानस की सेवार्थ कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। जिसमें नि:शुल्क जांच व दवाईयां वितरण की जाती है। जिसका सीधा लाभ आम जनमानस को मिलता है। उन्होंने कहा सच्ची मानव सेवा ही भारत

विकास परिषद का पहला उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि भारत विकासपरिषद विभिन्न सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष वीके सक्सेना, सचिव कीर्ति निधि शर्मा, कोषाध्यक्ष केवल कृष्ण, परिषद के प्रमुख हरनाम चौधरी, मनोज अरोरा, शरद मोहन गुप्ता, संजीव अरोरा, काजल सिंघल, नरेंद्र अरोरा, भारत भूषण चुघ, अमित गंभीर, विशाल गोयल, रेखा अरोरा आदि उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त चिकित्सा शिविर में सेवाएं देने वालो में डा. प्रदीप अदलखा, डा. सोनिया अदलखा, डा. निमेष गुप्ता, डा. वीपी गुप्ता डा. अनु उपस्थित थे।

# बहुद्देश्यीय शिविर में कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाज कल्याण की योजनाओं से जागरूक एवं लाभान्वित करने तथा नगरवासियों के उत्तम स्वास्थ्य को लेकर विधायक सुमित हृदयेश के प्रयासों से बनभूलपुरा लाइन नंबर 17 स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक सुमित हृदयेश ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने सभी को उत्तम स्वास्थ्य के लिए जागरूक रहने और सरकार द्वारा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। शिविर की शुरुआत में सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल चंद्र आर्या द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा महिलाओं की पुत्रियों हेतु शादी अनुदान, अंतर्जातीय विवाह, अटल आवास, छात्रवृत्ति आदि योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा पेंशन संबंधी कई शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग से नेत्र, ईएनटी, अस्थि रोग, मनोचिकित्सक विभागों के विशेषज्ञों द्वारा मौके पर कई लोगों की जांच एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र डीडीआरसी द्वारा मौके पर कई दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाये गये। 300 से ज्यादा स्थानीय लोगो ने शिविर का लाभ लिया।शिविर में डॉ. हिमान्शु काण्ड्याल (मनोचिकित्सक), डॉ. बीएस सामंत (अस्थि रोग), डॉ. विजय जोशी (नेत्र रोग), डॉ. दिलीप वार्ष्णेय (ईएनटी), डॉ. अनुष्का सावंत, राहुल आर्या (सहायक. समाज कल्याण अधिकारी), संजय बिष्ट (सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकार), राजेश (डीआरडीसी), सुहैल सिद्दीकी (पूर्व मंत्री), एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट (महानगर अध्यक्ष), नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि जोशी, पार्षद राजेंद्र जीना, पार्षद जाकिर हुसैन, पार्षद शकील सलमानी, पार्षद मो. गुफरान, पार्षद लईक कुरैशी, डैनी मलिक, हबीबुर्रहमान, सैयद इशरत अली, अरबाज खान, नाजिम अंसारी, विशाल भोजक, सोनू कसार, शानू अलवी, जावेद वारसी, संजय उप्रेती, शेरदिल, विशाल वर्मा, तस्लीम अंसारी इरशाद अंसारी, अनवर अली सिद्दीकी, सरफराज अहमद, अबरार मंजर, इकबाल सिद्दीकी,अयूब अली, पार्षद लईक कुरैशी, जफर पीएसी, सलीम खान, वारिस खान, अब्दुल खालिक, जामिर खान, आबिद हुसैन, मोहमद फुरकान, शाइद अहमद इदरीसी आदि मौजूद थे।

# महिलाओं ने वार्ड में पेयजल समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष नाजिम अंसारी के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओ ने विधायक सुमित हृदयेश को एक ज्ञापन दिया। नाजिम अंसारी ने बताया कि वार्ड 26 में पानी की दो पाइप लाइन हैं। जिसमे से एक पाइप लाइन बोरिंग की हे जो कई वर्षो से बंद पड़ी है। दूसरी पाइप लाइन दो इंच डली हुई है। लेकिन अब कनेक्शन ज्यादा होने कारण वार्ड 26 नई बस्ती तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। बरसात में गोला नदी का स्तर बढ़ने से पानी नलो में नहीं पहुंच रहा है। जिससे लोगो को बहुत परेशानियों का सामना पड़ रहा है और महिलाये बुजुर्ग दूर-दराज से पानी भरकर ला रहे हैं। लोगो का कहना है कि बोरिंग वाली बंद पड़ी लाइन को दोबारा शुरू करा दिया जाये जिससे कि पानी की समस्या से निजात मिल सके। मिलने वालों में इमरान अंसारी, हसीब, रहीसा बेगम, परवीन, जुबेदा, समरीन, आसिया, शानू अल्वी, अरबाज खान, बिलाल, अरसू आदि मौजूद रहे।

# देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल महानगर कार्यकारणी का विस्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम सभागार देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की बैठक प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल की अध्यक्षता व जीवन सिंह कार्की के संचालन में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक सुनिल पंत ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा व्यापारियों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हमको एक जुट होकर व्यापारी हित व समाज के हित में काम करना होगा। इस अवसर पर युवा मंडल अध्यक्ष अतुल गुप्ता व महामंत्री भूपेश बिष्ट ने युवा इकाई का विस्तार किया। जिसमें युवा मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, उपाध्यक्ष हितेश मटियानी, महिला सचिव रेशमा नगर कोटी, सचिव निखलेश मटियानी, विनोद मुखिया, संयुक्त सचिव जावेद अली, संगठन सचिव रोहित कुमार, प्रचार मंत्री शिभांग मित्तल, कार्यकारी सदस्य लोकेश जोशी को मनोनीत किया गया। काठगोदाम युवा इकाई का अध्यक्ष ऋषि कपूर को बनाया गया।अनुसासन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर बालम बिष्ट ने कहा कि संगठन में अनुसाशन हीनता बर्दाश्त नही होगी।महानगर इकाई के कार्यवाहक अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल ने नई कार्यकारणी के सदस्यों का परिचय कराते हुए कहा कि नई कार्यकारणी मजबूती से काम करेगी। घनश्याम वर्मा ने कहा कि संगठन को वह हमेशा सहयोग करते रहेंगे। बैठक में पृथ्वी पाल रावत, आफताब हुसैन, हरजीत चड्ढा, हर्ष जलाल, बृजमोहन सिजवाली, जिला अध्यक्ष राकेश बेलवाल, महानगर महामंत्री नेत्र बल्लभ जोशी, राकेश शर्मा, सुमित जोशी, पवनीत नागपाल, रवि गुप्ता, नासिर हुसैन, कार्तिक दास, पवन गुप्ता, हरीश पांडे, अमित बुढ़लाकोटी, रजत पंत, संतोष गौड़, पृथ्वी राज कुंवर, काजल खत्री, संजय कृष्ण परगाई आदि कई लोग मौजूद थे।

# लोक नृत्य प्रतियोगिता का किया आयोजन

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन कियागया। जिसमें कक्षा 3 से कक्षा 5 तक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में नन्हें-मुन्हें नृतकों द्वारा विभिन्न राज्यों के कुमाऊँ नी, राजस्थानी, लांवड़ी, पंजाबी, कालबेलिया, हरियाणवी आदि गीतों में अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा 3 की आनवी शुक्ला एवं कनिका नेगी ने प्रथम, मान्या अधिकारी एवं परिधि तिवाड़ी ने द्वितीय व पलाक्षी तिवाड़ीव ऋतुराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 4 में प्रथम स्थान हंसिका अधिकारी, विहान जोशी ने, द्वितीय स्थान लक्षिता रावत वकृशा तिवाड़ी तथा तृतीय स्थान रितिशा सुयाल, आरोही राव, गर्विका जोशी व शिफतवीर ने प्राप्त किया। कक्षा 5 में रिद्धिमा अग्रवाल, रिद्धिमा रौतेला व आदिश्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर मान्यानयाल, देवाक्षी सुयाल, माइल साह व अर्पिता अधिकारी रहे, तृतीय स्थान मानविक अधिकारी, प्रतिश्ठा राठौर, रितिशा चौघरी, शुभ जोशी, प्रनीत कुमार भट्ट व आरोही सैनी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन गुनीत कौर ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में विद्यालय के नृत्य अध्यापक मुकेश सागर व अंकिता चौधरी रहे। विद्यार्थियों ने अपने नृत्यकला के द्वारा सभी का मन मुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्रबन्धिका, प्रधानाचार्य व उपप्रधानाचार्या ने बच्चों को पुरूस्कृत किया तथा उनके उज्जवल भविश्य की कामना की।

# कांग्रेस कार्यालय में पुताई करते गिरा पेंटर, मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस कार्यालय में पुताई कर रहे पेंटर की छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नाजुक हालत में उपचार के लिए बेस अस्पताल ले जाया गया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना मिलने पर मेडिकल चौकी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार कांग्रेस कार्यालय स्वराज आश्रम में इन दिनों मरम्मत चल रहा है। वार्ड 13 राजपुरा निवासी 49 वर्षीय कृष्ण चंद्र यहां पुताई कर रहा था। कार्यालय की छत पर काम के दौरान वह लड़खड़ा कर नीचे गिर गया। हादसे में कृष्ण को गंभीर चोटें आ गईं। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा उसे बेस अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# खाईबाड़ी कर रहे सट्टेबाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान लोगों को उनका रुपया आठ गुना करने का लालच देकर सट्टा खिला रहे एक सट्टेबाज को हजारों की नगदी, सट्टा पर्ची व अन्य सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में हे.का. हरिकृष्ण मिश्र व का.भूपाल कोरंगा ने गश्त के दौरान द्वारा एक सट्टेबाज कृष बाल्मीकि पुत्र पप्पू बाल्मीकि निवासी वार्ड 13 को पेन, गत्ता, सट्टा पर्ची व नगदी 1710 रुपयें के साथ सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कृष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नशीले इंजेक्शनों के साथ एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस टीम ने नशीले इंजेक्शन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी का अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में बनभूलपुरा टीम में शामिल उनि मनोज यादव, कानि. भूपेन्द्र ज्येष्ठा व परवेज अली क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान फैसल कुरैशी पुत्र शकील अहमद निवासी लाइन नंबर 18 , चिराग अली शाह बाबा मजरा के पास वार्ड नंबर 24, बनभूलपुरा को कुल 12 अदद इजेक्शन की तस्करी करते हुए गौला बाईपास रोड वन विभाग बैरियर के सामने से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने फैसल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# इशिका ने किया नाम रोशन

रूद्रपुर। खेड़ा निवासी आंगनबाड़ी कार्यकत्री की पुत्री इशिका सक्सेना ने राष्ट्रीय स्तर की ई-रक्षा प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर नाम रोशन किया है। जेसीज स्कूल की कक्षा नौ की छात्रा इशिका सक्सेना ने राष्ट्रीय स्तर की ई-रक्षा में भाग लिया था, जो बच्चों, युवाओं और शिक्षकों को साइबरस्पेस में अपनी जिम्मेदारियों को प्रतिबिंबित करने और अद्वितीय विचार और सुरक्षा युक्तियाँ विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इंशिका सक्सेना को आयोजकों ने मेरिट सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। इशिका की इस उपलब्धि पर जेसीज स्कूल के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर, प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने इशिका की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# मंत्रिमंडल विस्तार : लगने लगा 'आउट और इन' का गुणा भाग

## धामी मंत्रिमंडल में 6 नए चेहरों को किया जा सकता हैं शामिल, 2 मंत्रियों को हटाने की भी तेज हुई चर्चायें

-अर्श-

ऊधमसिंहनगर। वैसे तो उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दिल्ली यात्रा और वहां उनकी प्रधानमंत्री ,गृहमंत्री ,पार्टी अध्यक्ष और पार्टी महासचिव से भेंट के बाद से ही उत्तराखंड सरकार के विस्तार के कयास लगाए जाने लगे थे, मगर बीते रोज मुख्यमंत्री की राज्यपाल से मुलाकात ने धामी मंत्रिमंडल के विस्तार की चर्चाओं को अब और भी हवा दे दी है तथा भरी बरसात में मुख्यमंत्री की राज्यपाल से मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में बकायदा कौन होगा आउट और कौन होगा इन का गुणा भाग भी लगाया जाने लगा है । विदित हो कि उत्तराखंड में मुख्यमंत्री सहित 12 सदस्यों का मंत्रिमंडल है। पिछले साल 23 मार्च को जब मुख्यमंत्री के रूप में पुष्कर सिंह धामी ने शपथ ली थी , तब उनके साथ आठ विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ग्रहण की थी। जिनमे सतपाल महाराज, डॉ धन सिंह रावत, गणेश जोशी, सौरभ बहुगुणा, रेखा आर्य, सुबोध उनियाल, चंदन रामदास और प्रेमचन्द अग्रवाल शामिल थे। इस तरह उत्तराखंड में तीन मंत्रियों की जगह खाली थी, लेकिन चंदन राम दास के निधन के बाद खाली स्थानों की संख्या अब चार हो गई है । मगर राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है की उत्तराखंड में प्रस्तावित मंत्रिमंडल के विस्तार में चार की बजाए छह नए मंत्री बनाए जा सकते हैं और इसके लिए सूबे के दो मंत्रियों की छुट्टी की जा सकती है ।माना जा रहा है कि जिन दो विधायकों

को मंत्री पद से हटाया जाएगा उन्हें कहीं और समायोजित किया जाएगा । विधानसभा में बैकडोर भर्तियों और ऋषिकेश में भाजपा कार्यकर्ता से बीच सड़क में मारपीट प्रकरण सहित कई मामलों में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के कारण सरकार की काफी किरकिरी हो चुकी है। वहीं पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज को लेकर भी अकसर विवाद की स्थिति बनी रहती है। कांवर यात्रा सीजन के दौरान भी पर्यटन मंत्री नदारद होने से सरकार को काफी फजीहत उठानी पड़ी। ऐसे में माना जा रहा है कि महाराज और प्रेमचंद्र अग्रवाल मंत्रिमंडल से आउट हो सकते हैं। ऐसे में कुछ नए चेहरों को कैबिनेट में जगह मिल सकती है । बागेश्वर के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास के निधन के बाद इस आरक्षित सीट पर किसी अरक्षित चेहरे को ही मंत्री पद दिया जा सकता है।कुमाऊ से नैनीताल विधायक सरिता आर्य अथवा देहरादून से विधायक खजानदास आरक्षित सीट पर आ सकते हैं। यह भी चर्चा है कि अगर देहरादून से किसी मंत्री को हटाया गया तो देहरादून से ही किसी और विधायक की किस्मत जाग सकती है। इस क्रम में विधायक उमेश शर्मा काऊ का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विधायक शिव अरोरा, अरविन्द पांडेय,दिलीप रावत, खजान दास, विनोद चमोली, राम सिंह कैड़ा, सुरेश गड़िया, मुन्ना सिंह चौहान भी मंत्री पद के सशक्त दावेदार माने जा रहे हैं । हालांकि शीर्ष नेतृत्व से कई दौर की वार्ता के बाद भी राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मंत्रिमंडल को के विस्तार को लेकर रहस्यमई चुप्पी अभी भी बरकरार है ,फिर भी राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी आम है कि बीजेपी के फैसले अक्सर चौकाने वाले ही होते है लिहाजा संभावित मंत्रिमंडल विस्तार में भी कुछ अप्रत्याशित निकलकर सामने आ सकता है।

# नंगे पैर बाबा बर्फानी के दर्शन कर लौटी डॉ. शीला की उतारी आरती

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आज के वक्त में जहां अधिकतर लोग खुद तक सिमट कर रह गए हैं, खून के रिश्ते नाते तक उन्हें बोझिल से लग रहे हैं। आस पड़ोस के लोगों से दूरी सी है और हर कोई सोशल मीडिया पर ही अपने होने न होने का एहसास करा रहा है। ऐसे वक्त में बीते दिनों शहर की आदर्श नगर कॉलोनी में जो घटा वो मिसाल बन गया। शिवभक्तों की आस्था के केंद्र बाबा बर्फानी और माता वैष्णो देवी के दर्शन कर लौटी डॉ. शीला अधिकारी का आदर्शनगर कॉलोनी की दर्जनों ईजाओं ने फूलमाला और चुन्नी ओढ़ाकर स्वागत किया और आरती भी उतारी। इस दौरान हर हर महादेव, जय बाबा बर्फानी और जय माता दी के जयकारों से माहौल गुंजायमान हो गया। जिसने भी यह नजारा देखा वह इस खूबसूरत सामाजिक रिश्ते नातों के ताने बाने का मुरीद हो गया। बाबा बर्फानी की अमरनाथ यात्रा से

हल्द्वानी लौटी डॉ. शीला के आने के खबर जैसे ही आस पड़ोस की बुजुर्ग महिलाओं और युवतियों को लगी तो सभी अपने घरों से फूलमाला, दिया बाती और चुन्नी लेकर रास्ते में खड़ी हो गईं। स्वागत को उमड़ी महिलाओं ने बताया कि शीला हम सबकी बेटी जैसी है। वह हम सब के सुख सुख में हमेशा साथ खड़ी रहती है। कोरोना काल इस बात का गवाह है। यही वजह है कि कॉलोनी और क्षेत्र के लोग शीला को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। इस दौरान कई बुजुर्ग महिलाएं भावुक हो गईं। वहीं डॉ. शीला अधिकारी ने बताया कि उन्हें अमरनाथ यात्रा के पहले ही दिन बाबा बर्फानी के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। पूरी यात्रा के दौरान भारतीय सेना के जवानों की सेवा और सहयोग से वह अभिभूत नजर आई। उन्होंने बताया कि भगवान शिव में अगाध आस्था की वजह से वह पहले भी दो बार बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उनके माता पिता का निधन हो गया। तब से कॉलोनी की माताओं से उन्हें खूब प्यार और ममता मिली। वह व्हाट्सएप स्टेटस के जरिए यात्रा की पल पल की जानकारी के साथ सभी से जुड़ी हुई थीं। स्वागत करने वालों में शांति कपिल, विमला अधिकारी, राधा उपाध्याय, अंबिका मेलकानी, ललिता डालाकोटी, तारा खुल्वे, कुसुम शर्मा, बीना जोशी, बसंती ढेला, पम्मी वर्मा, हेमा खोलिया, सवित्री बिष्ट, गीता नयाल आदि रहे।

## हजारों बच्चों को दे चुकी हैं निशुल्क शिक्षा

हल्द्वानी । बताते चलें कि डॉ. शीला अधिकारी लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुड़ी हैं। उनका फोकस हमेशा समाज के निचले तबके के लोगों का हित करने का रहता है। जिसे अधिकतर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। तीन दशक से भी अधिक समय से अध्यापन कार्य से जुड़ी डॉ. शीला अधिकारी अब तक हजारों स्कूली बच्चों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को अंग्रेजी साहित्य और व्याकरण के अलावा बाल मनोविज्ञान की नि:शुल्क शिक्षा दे चुकी हैं। यही वजह है कि कॉलोनी और क्षेत्र के लोग उनके सामाजिक कार्यों की तारीफ करते नही थकते। उन्हें सभी से प्यार और सहयोग मिलता है।

### यात्रा में कुमाऊंनी पिछौड़ा बना आकर्षण का केंद्र

हल्द्वानी। डॉ. शीला अधिकारी ने बताया कि बाबा बर्फानी और मां वैष्णो देवी की यात्रा उन्होंने नंगे पैर पूरी की। इस दौरान हर पल कुमाऊंनी पिछौड़ा पहने रखा। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान कई लोगों ने सुख और सौभाग्य के प्रतीक पिछोड़े को लेकर पूछा। उन्होंने सभी की जिज्ञासा को शांत किया और देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति से रूबरू कराया। यात्रा के दौरान एक नेशनल न्यूज चैनल द्वारा लिए गए डॉ. शीला के इंटरव्यू का वीडियो भी वायरल हुआ।


गुरू मां

GURU MAA ENTERPRISES

AC चाहिए ?

आधार लाये, उधार ले जायें...

0% BAJAJ FINSERV

UP TO 50% OFF | सबसे ज्यादा कैशबैक | 0% ब्याज मुक्त फाइनेंस | खरीदारी के दिन डिलीवरी

Guru Maa Enterprises

हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007

रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड
मो- 9927882338, 9568869000

काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111

गदरपुर
गुरुनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# सिरौलीकलां में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निर्देशन में बिस्मिल्लाह मैरिज हॉल, सिरौलीकलां, किच्छा में प्रभु नेत्रालय द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग मजहर नईम नवाब ने मुख्य अतिथि तथा सरदार इकबाल सिंह ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 126 नेत्र रोगियों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। इस अवसर उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग मजहर नईम नवाब ने कहा कि परीक्षण में जिन व्यक्तियों की आंख में मोतिया बिन्द पाया गया है। उनका नि:शुल्क ऑपरेशन आयुष्मान योजनान्तर्गत कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मरीजों के आने-जाने तथा खाने की सुविधा भी नि:शुल्क होगी। प्रतिदिन चिकित्सालय द्वारा 25 व्यक्तियों का मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा शीघ्र ही गंभीर बीमारियों के ईलाज हेतु भी चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही दवाई भी मुफ्त मिलेगी। उन्होंने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में इस प्रकार के शिविरों का आयोजन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक आयुष्मान का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का लक्ष्य है कि योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दूरस्थ क्षेत्र की जनता तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि यदि भूमि की उपलब्धता होती है तो इस क्षेत्र में आईटीआई खोले जायेंगे। उपाध्यक्ष सरदार इकबाल सिंह ने कहा कि आंखे शरीर का महत्वपूर्ण अंग हैं, यदि किसी गरीब की आंखों का ईलाज नहीं हो पा रहा है तो सरकार की तरफ से नि:शुल्क आंखों का ऑपरेशन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा गरीबों एवं अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। इस दौरान सदस्य उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग मौ० तस्लीम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.मनोज शर्मा, डॉ. अंकित गुप्ता, मनमोहन सक्सैना, बाबू अल्वी, ए. मलिक, शरीफ मलिक, परवेज मलिक, महेन्द्र पाल, राजेश कुमार, जयदेव, नरेश आदि उपस्थित थे।













# [illegible]

गदरपुर/रुद्रपुर(उद संवाददाता)। एलाइंस कॉलोनी निवासी श्री सतीश खुग्घर मंगा जी के पूजनीय पिताजी एवं श्री ओमप्रकाश घीक जी के भांजे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.ओमप्रकाश खुराना के समधी सुभाष खुराना व प्रमोद बजाज के



ससुर श्री कृष्ण लाल खुग्घर जी ( आढ़ती अनाज मंडी गदरपुर ) का आकस्मिक निधन हो गया। दु:ख की इस घड़ी में पुत्र सतीश खुग्गर ने पिता की इच्छानुसार नेत्रदान हेतु नगर की नेत्रदान संस्थाष्सोचो डिफरेंटष्से संपर्क किया । तत्पश्चात सीएल गुप्ता आई बैंक मुरादाबाद की टीम द्वारा सफलतापूर्वक नेत्रदान लिए गये। अब किन्हीं दो लोगों के जीवन में रोशनी आएगी और दिवंगत श्री कृष्ण लाल खुग्घर जी हमेशा के लिए अमर होने के साथ जाते जाते किन्ही दो लोगो को रोशनी दे गये। दिवंगत आत्मा को क्षेत्र के विभिन्न संगठनों ने एलायंस सोसायटी,व्यापार मंडल गदरपुर, आढ़ती एसोसिएशन,पंजाबी महासभा,सनातन धर्म सभा, जियो जिंदगी,राइस मिलर्स एसोसिएशन,सीड्स एसोसिएशन, जय भवानी जागरण मंडल, भारत विकास परिषद,भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक, सिख प्रचारक सभा आदि ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# विधायक पांडे ने किया टिफिन बैठक का आयोजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा गदरपुर मंडल की एक बैठक श्री सनातन धर्म सभा के मुख्य सभागार में संपन्न हुई। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व द्वारा पूरे देश में टिफिन बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के संदर्भ में नरेंद्र मोदी की सरकार को 9 वर्ष पूरे होने के बाद केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताने के लिए औरकार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में पहुंचे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में हिंदुस्तान निरंतर प्रगति के पथ पर है,। उन्होंने कहा कि उद्योग एवं सड़कों के हर क्षेत्र में भारत अपनी विशिष्ट पहचान बनाता जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी विश्व के नेता के रूप में उभर रहे हैं। आज दुनिया के सारे देश भारत से संबंध बनाना चाहते हैं और मोदी जी को विश्व का नेता मान चुके हैं। आने वाले 2024 के चुनाव में हम सब कार्यकर्ताओं का यह कर्तव्य बन जाता है कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। देश का हर नागरिक 2024 के चुनाव में नरेंद्र मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाना चाहता है। हम कार्यकर्ताओं का एक कर्तव्य बन जाता है कि हम जनता के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियों को उनके बीच रखें। कार्यक्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष राकेश भुड्डी,मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर,पंकज सेतिया, राजेश गुंबर,संतोष गुप्ता,चिंतन अरोरा,सतीश छाबड़ा,नरेश हुड़िया,जसवीर चीमा,अरविंद पाल,कुलबीरी चौधरी,ज्योति अरोरा,लक्ष्मी चौहान,राजेंद्र कोचर,आनंद कुमार,राजू कंबोज, कश्मीर कंबोज, राजेश अग्रवाल, रोहित सुदामा,सतीश मिड्ढा, पुष्पेंद्र कश्यप, सुबोध शर्मा, हरबंस छाबड़ा, मोहन प्रधान, डॉ. इंद्रजीत सैनी,वीर सिंह,रवि पाल, सुरजीत सोनू,राजेश सक्सेना, राकेश सैनी आदि उपस्थित थे ।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## डेटा संरक्षण कानून

इलेक्ट्रानिक उपकरणों के तेजी से बढ़ते उपयोग को देखते हुए लोगों के व्यक्तिगत ब्योरों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई थी।इसी के मद्देनजर व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम बनाया गया था। मगर उसमें खामियां होने की वजह से बड़े पैमाने पर लोगों और व्यावसायिक संगठनों ने एतराज जताया था। इसलिए सरकार ने उस अधिनियम को वापस ले लिया था।पिछले साल इसमें संशोधन करके लोगों की राय लेने का प्रयास किया गया और उसी के आधार पर अब इसे अंतिम रूप दे दिया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक 2023 को मंजूरी दे दी है और इसके मानसून सत्र में कानूनी रूप पा जाने की उम्मीद है। इस विधेयक में व्यक्तिगत डेटा का दुरुपयोग करने वालों पर भारी जुर्माने और आम लोगों को मुआवजे का दावा करने का प्रावधान किया गया है।इसमें अलग-अलग पांच प्रकार के दंड निर्धारित किए गए हैं। माना जा रहा है कि अब इस विधेयक पर एतराज की गुंजाइश नहीं रह गई है। मगर देखना है कि इस विधेयक को कितने पारदर्शी और व्यावहारिक ढंग से लागू किया जा पाता है, ताकि लोगों के व्यक्तिगत डेटा में सेंध लगाने वालों पर नकेल कसी जा सके। दरअसल, डिजिटल उपकरणों के बढ़ते उपयोग के बीच बहुत सारी कंपनियां और डेटा चोरी करने वाले लोगों के व्यक्तिगत ब्योरों की चोरी करते देखे गए हैं। इसके चलते बहुत सारे लोगों के साथ धोखाधड़ी भी होती है। बैंकों से पैसे निकाल लेने, ठगी करने की अनेक शिकायतें आती रहती हैं। बहुत सारी कंपनियां, संस्थान खुद लोगों से जो व्यक्तिगत विवरण मांगते हैं, उन्हें दूसरी व्यावसायिक कंपनियों को मामूली पैसे पर बेच देते हैं। ऐसे में लोगों की अपने व्यक्तिगत विवरणों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई थी। इसी चिंता को दूर करने के लिए नया विधेयक लाया जा रहा है। हालांकि व्यावसायिक कंपनियों को एतराज था कि चूंकि वे लोगों के व्यक्तिगत डेटा अपने उपयोग के लिए जमा करती हैं, इसलिए अगर उनके व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगेगी तो उनके कारोबार पर असर पड़ेगा। मगर सरकार ने उनके एतराज को नजरअंदाज कर दिया है। यहां तक कि सरकारी संस्थानों को भी इसके दायरे से बाहर नहीं रखा है। जाहिर है, इस विधेयक के कानूनी रूप में लागू हो जाने के बाद कंपनियों के मनमाने तरीके से लोगों के व्यक्तिगत डेटा के उपयोग पर अंकुश लगेगा। वे नाहक लोगों को फोन करके परेशान करने से भी बचेंगी। सबसे चिंता की बात लोगों के मोबाइल फोन, मेल, कंप्यूटर आदि से उनका व्यक्तिगत डेटा चोरी करके उनके बैंक जमा खाते या दूसरी तरह की जमाओं में सेंधमारी करने वालों पर नकेल कसना है। पिछले दिनों जब फोन पर संदेश आदि के जरिए इस तरह की सेंधमारी करने वालों पर नकेल कसने की कोशिश की गई तो उन्होंने वाट्सऐप के जरिए यह धंधा शुरू कर दिया। इस तरह इसमें उन सेवा प्रदाता कंपनियों की भी जवाबदेही बनती है, जो अपने ग्राहकों को मोबाइल, इंटरनेट आदि सेवाएं प्रदान करती हैं। जो लोग तकनीकी धोखाधड़ी के तरीकों से वाकिफ हैं, वे तो अपने व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा खुद भी करने का प्रयास करते हैं, मगर करोड़ों ऐसे लोग हैं, जो इस तरह की तकनीक से परिचित नहीं हैं, वे अक्सर सेंधमारों के चंगुल में फंस जाते हैं। इसलिए केवल डेटा की चोरी करने या उसे बेचने वालों पर अंकुश लगाने की नहीं, बल्कि सेवा प्रदाता कंपनियों की भी जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

# सुझावों के लिये संस्कृत के शिक्षाविदों एवं विद्वानों की कमेटी बनायें : राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) की अध्यक्षता में राजभवन में संस्कृत शिक्षा को उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत समाहित किए जाने के संबंध में बैठक हुई। इस बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत सहित शासन के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उनके द्वारा भी संस्कृत शिक्षा को उच्च शिक्षा विभाग में लाए जाने हेतु प्रयास किए गए हैं लेकिन इस विषय पर अभी तक कोई निर्णय नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत नहीं लाए जाने से विश्वविद्यालय स्तर पर यूजीसी और नैक जैसी संस्थाओं के लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं। पूर्व में भी इस प्रकरण के लिए एक समिति का गठन किया गया था जिसकी रिपोर्ट शासन को प्रेषित की गयी। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सुझाव दिया कि इस प्रकरण हेतु संस्कृत के शिक्षाविदों एवं विद्वानों की एक कमेटी बनाई जाय। कमेटी की रिपोर्ट के बाद उनके सुझावों को लागू करने से पूर्व एक बैठक कर समाधान निकाला जाएगा। इस दौरान सचिव संस्कृत शिक्षा चंद्रेश कुमार ने कहा कि संस्कृत महाविद्यालयों में यूजीसी के मानकों के अनुरूप फैकल्टी की नियुक्ति न होना इसका मुख्य कारण है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड आने के पश्चात संस्कृत शिक्षा को उच्च शिक्षा

विभाग के अंतर्गत लाए जाने हेतु कुलपति, संस्कृत शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा, उनके शैक्षणिक हितों को देखते हुए बार-बार निवेदन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य संस्कृत भाषा के समेकित विकास एवं उन्नयन को ध्यान में रखा जाना चाहिए। इसके लिए वह उच्च शिक्षा विभाग में हो या संस्कृत शिक्षा विभाग में हो। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण हेतु मुख्य सचिव के सुझाव के अनुरूप संस्कृत के शिक्षाविदों एवं विद्वानों की एक कमेटी बनाई जाय। यह कमेटी संपूर्ण तथ्यों का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट तीन माह में प्रस्तुत करेगी। इसके पश्चात कमेटी की रिपोर्ट के पश्चात बैठक कर प्रकरण पर उचित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस हेतु शासन स्तर पर भी विधिक परीक्षण कराया जाए। राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के संमूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय सहित दिल्ली स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालयों से भी सुझाव लिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत हमारी द्वितीय राजभाषा है इसके समेकित विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। संस्कृत शिक्षा के गुणवत्तापूर्ण अध्ययन, अध्यापन एवं उन्नयन में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस बैठक में उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगौली, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, सचिव न्याय नरेन्द्र दत्त आदि उपस्थित रहे।

# परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की हुई सघन चेकिंग

अल्मोड़ा(उद संवाददाता । उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अधीन आयोजित होने वाली स्नातक स्तरीय विभिन्न विभाग के पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल को अलर्ट मोड पर रखा गया हैसभी परीक्षा केन्द्रों में अल्मोड़ा पुलिस द्वारा परीक्षार्थियों की सघनचेकिंगकीजारहीहै, भ्रामकझूठी खबरअफवाह फैलानों वालो पर भी सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। श्री रामचन्द्र राजगुरु एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा आज उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अधीन आयोजित होने वाली स्नातक स्तरीय विभिन्न विभाग के पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग

से सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद के सभी परीक्षा केन्द्रो पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। परीक्षा ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल को ड्यूटी के दौरान अलर्ट मोड में रहने की सख्त हिदायत दी गई । अल्मोड़ा के सख्त निर्देश पर पुलिस बल की कार्यवाही सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की डीएफएमडी व एचएचएमडी से सघन चेकिंग फ्रिस्किंग की गई।जनपद एलआईयू वएसओजी लगातार सक्रिय रहकर परीक्षा को प्रभावित करने वाले तत्वों पर सतर्क दृष्टि बनाए हुए हैं कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र के अन्दर मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाइस और कोई इलेक्ट्रानिक गैजेट्स ना ले जा पाए उसके लिए गहनता से चेकिंग की गई। परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे और अन्य कैमरों से भी निगरानी की गई। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अफवाह फैलाने वालों पर भी सतर्क दृष्टि रखी जा रही हैक्यूआरटी टीम लगातार गश्त पर है। सभी परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 का पालन कराया जा रहा है।

# चरण परखारना राजनीतिक उदारता का चरम

आजकल मूत्र विसर्जन की राजनीति देशव्यापी चर्चा का विशय है। अच्छा होताए इसे राष्ट्रीय विमर्श का विषय बनाया जाता घ् क्योंकि राजनीति में कहीं बढ़ा यह समाज का प्रश्न है। लेकिन जिस समाज को प्रश्न बनाकर इसका हल खोजने की जरूरत थीए वह वोट बैंक की देहरी पर आकर जमींदोज हो गई। बावजूद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की खुले मन से प्रशंसा करनी होगी कि उन्होंने पीड़ित आदिवासी दशमत रावत को राज.प्रासाद में अतिथि बनाकर चरण पखारेए जल माथे पर लगाया। पुश्पहार पहनायाए शॉल और श्रीफल देकर आरती उतारी। बाद में साढ़े छह लाख रुपए भी दिए। भगवान कृष्ण ने अपने अकिंचन मित्र सुदामा के साथ यही व्यवहार किया था। आज नेता ही लाचार के भगवान हैं। हालांकि सुदामा न तो कोई पीड़ित व्यक्ति थे और न ही उनके चरण कृष्ण और रुक्मणी ने किसी भूल के पश्चाताप में पखारे थे। परंतु सुदामा आर्थिक रूप से दरिद्र थे और दरिद्रता की मजबूरी ऐसी विवशता हैए जो सुदामा जैसे दीन.हीन को कृष्ण की नगरी द्वारिका खींच ले गई। जबकि अपने ऊपर किए नितांत अमानवीय कृत्य मूत्र.विसर्जन से पीड़ित दशमत को मुख्यमंत्री क्षमा.याचना के लिए राज भवन बुलवाते हैं। गरीब के अपमान को निमूर्ल करने के परिप्रेक्ष्य में ऐसी भावना किसी राजनेता के अंगन में पहले कभी नहीं देखी गई। वाकई इसी प्रकार की क्षमा प्रार्थना सामाजिक विकृतियों को दूर करने के सार्थक उपाय बन सकते हैं। मगर राजनीति के विस्तृत पटल पर कितने नेताओं में यह लोक. कल्याणकारी उदारता है कि वे उदार मन से मैले.कुचेले पैर पखारने को तत्पर हो जाएं। निसंदेह यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। कानून एक इबारत भर हैए लेकिन इंसानियत सभ्यता की एक ऐसी भाव.भूमि हैए जो किसी भी परिस्थिति में एक इंसान को दूसरे इंसान पर मूतने का अधिकार नहीं देती है। तथापि भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला के प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला ने निम्नतम घटना को अंजाम तक पहुंचाया। निश्चित ही यह उच्छृंखलता अक्षम्य अपराध है। शराब के नशे के साथ सत्ता का नशा और उच्च जाति के अहंकार से जुड़े विकार भी इस घटना के कारकों में शामिल हैं। अतएव न केवल वह लघुशंका करता हैंए बल्कि दबंगता का प्रदर्शन करते हुए अपने मित्र से मोबाइल.वीडियो भी बनवाता है। हालांकि यह प्रमाणित हो गया है कि वीडियो छह माह पुराना हैए लेकिन इससे अपराध कम नहीं हो जाता। यही वीडियो एक ऐसा प्रमाण हैए जो एक नहीं एक साथ दो घटनाओं का कारण बना। दरअसल प्रवेश ने अपने जिन विश्वसनीय मित्रों से वीडियो बनवाया थाए उन्होंने ही धन के लालच में दोस्ती का भरोसा तोड़ दिया। जब साथियों में मन.मुटाव हुआ तोए मित्र प्रवेश को धन के लिए ब्लैकमेल करने लग गए। इसकी परिजनों ने एक जुलाई 2023 को चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी भी दर्ज कराई। धन नहीं मिला तो 4 जुलाई को वीडियो वायरल कर दिया गया। वायरल होते ही मध्यप्रदेश के राजनीति हलकों और मीडिया में हड़कंप मच गया। चूंकि पीड़ित आदिवासी थाए सो देखते.देखते वोट बैंक के लिए प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने प्रवेश शुक्ला के भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते घटना को वोट बैंक का मोहरा बना दिया। जबकि इससे भी वीभत्स घटना इसी दौरान शिवपुरी के ग्राम बरखाड़ी में घटी। यहां मुस्लिम समुदाय के सात लोगों नेए जिनमें दो महिलाएं भी शामिल थींए सामूहिक रूप से अर्जुन जाटव और संतोश केवट का छेड़खानी के आरोप में मुंह काला किया। जूते.चप्पलों की माला पहनाई और मुंह में मानव मल भी भर दिया। यह घटना भी वायरल हुए वीडियो से चर्चा में आई। पुलिस ने तत्परता से प्राथमिकी दर्ज की और सांतों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया। बावजूद इस घटना पर दिग्गज नेता कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के मुंह पर ताला पड़ा रहाए क्योंकि उन्हें डर था कि कहीं मुस्लिम वोट प्रभावित न हो जाए घ् तय हैए मूत्र.विसर्जन को लेकर जो राजनीति हो रही हैंए वह निश्पक्ष नहीं है। सामाजिक न्याय की अंतरभावना उसमें अंतर्निहित नहीं है।मध्यप्रदेश में करीब 22 प्रतिशत आदिवासी आबादी है। साफ हैए आदिवासी एक बड़ा वोट. बैंक हैं। यही वजह रही कि कांग्रेस ने मुद्दे को लपका और उछालकर राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा बना भी दिया। सामाजिक न्याय. अन्याय के जुमले उछाले जाने लगे। कमलनाथ बोलेए शिवराज सिंह चौहान 18 साल से सत्तारुढ़ हैंए किंतु कानून व्यवस्था बद्हाल है। आदिवासी भाइयों को न्याय नहीं मिल रहा है। शिवराज नाटक.नौटंकी करके पाप धोने में लगे हैं। परंतु धुलेंगे नहीं। उनकी आत्मा सच्ची होती तो कैमरे पर नौटंकी नहीं करते।श् दिल्ली बैठी प्रियंका गांधी ने तो आदिवासी अत्याचार के आंकड़े भी गिना दिएए श्भाजपा विधायक के एक करीबी द्वारा आदिवासी युवक के साथ की गई अमानवीय हरकत बेहद शर्मनाक है। प्रदेश में भाजपा के 18 साल के शासन में आदिवासियों पर अत्याचार के तीस हजार चार सौ मामले सामने आए हैं। लेकिन उन्होंने केवल मध्यप्रदेश के आंकड़े गिनाएए जबकि आदिवासी और दलितों के विरुद्ध अपराधों की संख्या पूरे देश में निरंतर बढ़ रही है। भारत में 1989 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार संबंधी कानून अस्तित्व में आया था। इसमें कठोर प्रावधान भी रेखांकित हैं। दलित मानवाधिकार सुरक्षा नेटवर्क की रिपोर्ट बताती है कि 1991 से 2021 के दौरान अनुसूचित जाति के लोगों के खिलाफ अपराधों की संख्या में 177ण्6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं इसी अवधि में जनजाति यानी आदिवासी समुदाय के विरुद्ध अपराधों में 111ण्2 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। राश्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ;एनसीआरबीद्ध के आंकड़े भी इन तथ्यों की पुश्टि करते हैं। तय हैए प्रत्येक राज्य में वंचितों के खिलाफ अत्याचार के मामले बढ़ रहे हैं। दरअसल देश का कोई भी राज्य हो और किसी भी दल की सरकार रही होए व्यक्तिगत अहंकारए जातिगत एवं आर्थिक विसंगति इस प्रकृति के अत्याचारों को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। इसलिए राजनीतिक विकृति से कहीं ज्यादा यह सामाजिक विकृति है। इसे राजनीति दिशा दे और समाज मिटाएए तब कहीं समरसता बनने की उम्मीद की जा सकेगी। किंतु दुर्भाग्य है कि राजनीति इस खाई को चौड़ा करने का काम कर रही है। गोया वाकई राजनीतिक नेतृत्व सामाजिक विशमता और आर्थिक विसंगाति के भेद दूर करना चाहता है तो उसे उदार मन से शिवराज सिंह चौहान का ही अनुकरण करना होगा। चरण धोना और जल को माथे से लगाना वोट की खातिर किया गया आडंबर ही सहीए यह जातिगत जड़ता को तोड़ने का एक दुस्साहस भरी पहल भी है। इसे अमल में लाने के लिए भी एक संवेदनशील हृदय और करुणा से भरा ऐसा मन चाहिएए जो पीड़ित दशमत की वेदना को खुद में अनुभव कर रहा हो। प्रत्येक समर्थ व्यक्ति को अपनी अंतरात्मा में यह अनुभूति करने की जरूरत है कि वंचितए गरीबए दलित और वनवासी का अपमान मेरा भी आपमान हैए तब कहीं समरसता की शुरूआत होगी। इस समरसता के लिए शिवराज ने तो पैर धोएए पानी माथे से लगायाए राम ने तो सीता की खोज में शबरी के झूठे बेर भी खाए थेए जिससे वनवासियों को लगे कि राम उनके अपने हैं। यही अपनापन शिवराज ने दशमत के पैर पखाकर जताया है। महात्मा गांधी ने दुनिया को कोई मौलिक संदेश या सिद्धांत देने का दावा नहीं किया। केवल उन्होंने अपने आचरण के क्रियान्वयन से वह मार्ग दिखायाए जिस पर चलकर समस्त प्राणियों के हित की साधना की जा सकती है। इसलिए उन्होंने कहा मेरा जीवन ही संदेश हैं। शिवराज सिंह ने यही संदेश देने की कोशिश भर की है।

**प्रमोद भार्गव**
**लेखकए साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं ।**

# बेहड़ ने विधायक निधि से निर्मित 10 लाख रूपये के कार्यों का किया लोकार्पण

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने शांतिपुरी न 2 तथा शांतिपुरी न 3 में विधायक निधि से निर्मित 10 लाख रूपये के कार्यों का लोकार्पण किया। इसी क्रम में देवी मंदिर शांतिपुरी नंबर 3 परिसर एवं

महादेव मंदिर शांतिपुरी नंबर दो भरतपुर में बने सामुदायिक भवनों का लोकार्पण रविवार को क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ द्वारा किया गया द्यइस दौरान विधायक तिलकराज समय किच्छा विधानसभा के लिए बहुत ही सुनहरा है किच्छा में विकास के नए नए आयाम स्थापित किये जायेंगे, शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्य चल रहे हैं जल्दी विधानसभा वासियों को पूरी विधानसभा में विकास की गंगा बहती की नजर आएगी वे प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों को पूर्ण कराने के प्रयास में है द्य उनकी विधायक निधि के द्वारा हर गांव में चल रहा है तथा वे अपनी विधानसभा को विकास के मामले में अग्रसित करना चाहते है. तथा उनके द्वारा किए गए प्रयासों से उन्हें सफलता भी मिल रही है और वे अपनी विधानसभा में बहुत से नए विकास कार्य प्रारंभ करने जा रहे हैं। सभी क्षेत्र वासियों को जल्द ही उनके प्रयासों के फल का लाभ मिलेगा.इससे पूर्व समस्त ग्राम वासियों ने उनके अपने अपने गांव पहुंचने पर विधायक तिलक राज बेहड़ का फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया।इस दौरान पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष नारायण बिष्ट,जिला पंचायत सदस्य दीपा आर्या,ग्राम प्रधान श्रीमती चंद्रकला कोरंगा ,क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीमती रीता कोरंगा,गौरव बेहड, कांग्रेस प्रदेश सचिव विनोद कोरंगा, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ गणेश उपाध्याय ,प्रेम आर्या ,हरीश कोरंगा ,राजेन्द्र शर्मा ,कैलाश जोशी ,मोहन पाण्डेय, शेर सिंह कोरंगा लाल सिंह रौतेला दयाल सिंह बिष्ट प्रेम आर्य, लक्ष्मण सिंह कोरंगा, रमेश लोहानी, चंचल सिंह रौतेला, प्रधान पति कैलाश जोशी, कार्यक्रम संचालक बिशन सिंह कोरंगा, दीवान सिंह, दलीप सिंह, कुंवर सिंह, कांग्रेस जिला महामंत्री मोहन चंद पांडे, पूर्व प्रधान नारायण सिंह कोरंगा, प्रकाश राम आर्य, आदि लोग उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई भर्ती परीक्षा

## जिलाधिकारी ने विभिन्न भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा जनपद में स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शिता एवम शांतिपूर्वक संपन्न हुई। भर्ती परीक्षा हेतु जनपद में 25471 में से 9555 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 15916 अभ्यर्थी नदारद रहे। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने भर्ती परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवम शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु स्वयं मोर्चा संभाले रहे, बारिश के बावजूद जिलाधिकारी ने जनपद में बनाए गए विभिन्न सेंटरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं, एक्जाम सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अभ्यर्थियों से कक्ष में लिफाफे एवम पेपर सील आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली, जिसपर अभ्यर्थियों द्वारा लिफाफों, पेपर सील सहित विद्यालय व्यवस्थाओं के बारे में संतोष व्यक्त किया गया और सभी व्यवस्थाएं सही बताई गई। जिलाधिकारी ने भर्ती परीक्षा कुशलतापूर्वक संपन्न होने पर संतोष व्यक्त करते हुए भर्ती परीक्षा में लगाए गए समस्त अधिकारियों एवम कर्मचारियों को बधाई दी। जिलाधिकारी ने बताया कि भर्ती परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शिता एवम नकलविहीन कराने हेतु जनपद में संचालित सभी छोटेखबड़े कोचिंग संस्थानों पर विभिन्न माध्यमों से पैनी नजर रखी जा रही थी और साइबर सेल को विशेष तौर पर एक्टिव

रखा गया था। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में जेमर लगाएं गए थे तथा सभी केंद्रों पर 2.2 अतिरिक्त जैमर की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जल भराव संभावित केंद्रों के लिए विशेषरूप से बसों की भी व्यवस्था की गई थी। जिलाधिकारी ने बताया कि भर्ती परीक्षा की स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व नकलविहीन संपन्न कराने हेतु अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया था। अपर जिलाधिकारी एवं नोडल अधिकारी जय भारत सिंह ने बताया कि जनपद मे भर्ती परीक्षा हेतु 66 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जिसमे से किच्छा में 09, खटीमा में 11, रूद्रपुर में 19, काशीपुर में 22 तथा गदरपुर 05 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। उन्होंने बताया कि तहसीलदार काशीपुर, गदरपुर, रूद्रपुर, किच्छा, खटीमा को अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया था। उन्होंने बताया कि जनपद में 28 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे जबकि 9 सैक्टर मजिस्ट्रेट रिजर्व रखे गये थे। उन्होंने बताया कि 66 केन्द्र व्यवस्थापक तथा 66 पर्यवेक्षकों की तैनाती करने के साथ ही 16 पर्यवेक्षक रिजर्व रखे गए थे। इसके साथ ही पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

# सड़क हादसे में होमगार्ड कर्मी घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं काशीपुर मार्ग पर घर से बाईक पर सवार होकर यहां ड्यूटी के लिए आ रहे एक होम गार्ड को मार्ग में अज्ञात कार चालक

ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम जोगीपुरा बाजपुर निवासी दर्शन सिंह पुत्र सावन राम यहां कलैक्ट्रेट परिसर में ड्यूटी पर तैनात हैं। गत सायं वह रोज की तरह अपनी बाईक संख्या यूके 18 क्यू 6711 पर सवार होकर ड्यूटी के लिए आ रहे थे। काशीपुर रोड़ पर फ्लाईओवर के पास पीछे से आती कार के अज्ञात चालक ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना में होमगार्ड कर्मी दर्शनसिंह को गंभीर चोटें आ गईं। मामले की सूचना मिलने पर साथी कर्मी वहां आ पहुंचे और उन्होंने घायल दर्शन सिंह को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

## पेज एक का शेष...

**नदी में गिरी मैक्स...**को बाहर निकाल लिया है। सभी को एंबुलेंस से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है। टीम को तीन लोगों के शव बरामद हुए है। जबकि तीन की तलाश जारी है। रेस्क्यू किए गए यात्रियों ने बताया कि वो सभी लोग अलग-अलग जगह के रहने वाले हैं। सोनप्रयाग से शनिवार की रात आठ बजे एक मैक्स गाड़ी में बैठे थे। तीन बजे मालाकुंठी पुल से आगे गुलर की तरफ पहाड़ से बारिश में अचानक पत्थर गिरने के कारण गाड़ी अनियंत्रित हो गई। गाड़ी सीधे नदी में जा गिरी। रेस्क्यू किए गए यात्रियों द्वारा बताया गया कि वे सभी लोग अलग-अलग स्थानों के रहने वाले है एवम् विगत रात्रि को सोनप्रयाग से एक मैक्स गाड़ी में बैठे थे। प्रात: लगभग 03:00 बजे के करीब मालाकुंठी पुल से आगे गुलर की तरफ पहाड़ से अचानक पत्थर गिरने के कारण गाड़ी अनियंत्रित हो गई और गाड़ी लुढ़कते हुए सीधे नदी में जा गिरी। घायलों में बिजेंदर पुत्र जगदीश पांडे निवासी बदरपुर दिल्ली उम्र 46 वर्ष आकाश पुत्र तेज सिंह उम्र 22 वर्ष प्रदीप कुमार पुत्र महेंद्र सिंह निवासी शाहपुर पंजाब उम्र 27 वर्ष रोशन कुमार पुत्र सुबोध उम्र 25 वर्ष निवासी नालंदा बिहार हरियाणवी वाइफ ऑफ रवि सिंह निवासी हैदराबाद उम्र 25 वर्ष। चालक सहित अन्य 6 लोग जिनकी तलाश जारी है जिनका नाम रेस्क्यू किए गए यात्रियों में अभिजीत त्यागी निवासी भोजपुर भजन गढ़ दिल्ली अतुल सिंह उत्तर विनोद निवासी शिवपुरी बिहार अक्षय कुमार पुत्र मनोज सिंह निवासी बिहार सौरभ कुमार रवि पुत्र अज्ञात हैदराबाद मैक्स चालक नाम पता अज्ञात शामिल है।

**भारी बारिश से मकान ...**ने रिपोर्ट कर दिया। परिजनों ने घायल युवती को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। मृतक दंपति के पांच पुत्र तथा तीन पुत्री हैं। सभी विवाहित हैं। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में कोहराम मचा है। बारिश की भेंट चढ़ा मकान लगभग डेढ़ दशक पुराना बताया जा रहा है। मृतक दंपति नसीर अहमद तथा मोहम्मदी कि 18 वर्षीय निवासी मंतसा के माता-पिता की लगभग 6 वर्ष पूर्व बीमारी के चलते मृत्यु हो चुकी है। माता पिता की मौत के बाद वह नाना नानी के साथ रहा करती थी। अब जबकि नाना-नानी भी हादसे की भेंट चढ़ गए युवती का भविष्य पूरी तरह अंधकार मय हो गया। मानसून की बारिश और तेज हवाओं के बीच ग्राम मिस्सरवाला में नसीर अहमद के मकान के साथ ही पड़ोस में रहने वाले निसार व लईक का मकान भी देखते ही देखते धराशाई हो गया लेकिन गनीमत रही कि यहां किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

**जलभराव से रोषित...**पार्षद होने के कारण नगर निगम उनसे भेदभाव कर रहा है और इन स्वीकृत कार्यों को भी पूरा नहीं कराया जा रहा। उन्होंने कहा इन सड़कों के किनारे सैकड़ों लोग निवास करते हैं। जलभराव के कारण आए दिन स्कूली बच्चे और अभिभावक पानी में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा जल्द ही यह कार्य पूरा नहीं कराया गया और जलभराव से निजात नहीं दिलाई गयी तो आंदोलन को बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में प्रकाश चंद जोशी, मनोज पाल, जहीर, जय श्री पांडे , विनयसिंह , ओमप्रकाश, पुष्पादेवी, सुरेंद्रसिंह, कर्मवीर , अभिषेक, सोनी, सरिता, सावित्री देवी आदि मौजूद थे।

# आंगनवाड़ी केंद्र पर मेरी सहेली सेनेटरी नैपकिन पैड मशीन का किया उद्घाटन

सितारगंज(उद संवाददाता)। आंगनवाड़ी केंद्र वार्ड नंबर 11 प्रथम में मेरी सहेली सेनेटरी नैपकिन पैड वेल्डिंग मशीन का उद्घाटन बाल आयोग की सदस्य सुमन राय ने सिक्का डालकर किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ती लक्ष्मी राजपूत ने बताया कि पहले की अपेक्षा इस बार अच्छी क्वालिटी की मशीन के साथ-साथ अच्छी

क्वालिटी के नैपकिन पैड दिए जा रहे हैं। मशीन में 5 रुपये का सिक्का डालने पर दो नैपकिन पैड निकलते हैं। यह मशीन सरकारी कार्यालय सार्वजनिक स्थानों पर तथा आंगनवाड़ी केंद्रों पर लगाई जा रही है। आंगनवाड़ी केंद्रों में सरकार के द्वारा यह मशीन लगाई गई है, जिसका उद्देश्य किशोरियों बालिकाओं तथा महिलाओं की स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखना है। इस मौके पर बाल आयोग की सदस्य सुमन राय, जिला उपाध्यक्ष सुलोचना रावत, जिला कार्यकारिणी सदस्य मुन्ननी पांडे, मिथिलेश, खुशबू, सोनम, परमजीत कौर, कौशल्या, अनामिका, वीना आदि महिलाएं मौजूद रही।

# गाड़ी घाट कूड़ाघर में एक ओर बेजुबान सांड की मौत

कोटद्वार। नगर निगम कोटद्वार की घोर लापरवाही के चलते यहां गाड़ी घाट तिराहे पर एसबीआई एटीएम के सामने स्थित कूड़ाघर में एक ओर बेजुबान सांड की दर्दनाक मौत हो गई। इसके बाद भी निगम की मेयर और निकम्मेअधिकारी गहरी नींद में सोए हुए हैं। गौरतलब है कि गाडी घाट में निगम का कूड़ा वाहन घर

घर कूड़ा लेने जाता है, इसके बावजूद निगम के काम चोर अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते प्रजापति नगर तथा दूर दूर से लोग घरों का कूडा कूड़ा वाहन में न डालकर तिराहे पर सड़क पर फेंक रहे हैं। लोग घरों का बचा हुआ खाना व जूठन पालिथीन में भरकर यहां सड़क पर फेंक देते हैं, जिन्हें खाकर यहां अब तक कई बेजुबान जानवर अकाल मौत मर चुके हैं, लेकिन निगम के अधिकारी सड़क पर कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर बेशर्मी की सारी हदें पार कर गया है। अधिकारी निगम से बाहर सड़क पर निकलने को तैयार नहीं हैं। आखिर क्या इन बेजुबान जानवरों की मौत के जिम्मेदार नगर निगम के अधिकारियों की इंसानियत व मानवता बिल्कुल मर चुकी है।

# छह नगर पंचायत क्षेत्रों में पार्टी के अध्यक्षों की सूची जारी

रूद्रपुर। निकट भविष्य में होने वाले निकाय एवं लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने सक्रियता बढ़ा दी है। इसी के तहत जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने जिले में छह नगर पंचायत क्षेत्रों में पार्टी के अध्यक्षों की सूची जारी की है। जिलाध्क्ष गावा ने नगर पंचायत महुआ डाबरा में वीरेन्द्र साहनी, महुआखेड़ा गंज में दिनेश कुमार, किलाखेड़ा में तौफीक अहमद, दिनेशपुर में नारायण हालदार, गूलरभोज में किशोर सावंत, कुंडेवश्वरी में राकेश राखेड़ा को अध्यक्ष बनाया गया है। जिलाध्यक्ष गावा ने उक्त सूची प्रदेश अध्यक्ष को प्रेषित की है।

# बदमाशों ने महिला से बैग छीना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर मार्ग पर विगत दिवस बाईक सवार अज्ञात बदमाशों ने पति व बच्चे के साथ बाइक पर घर जा रही एक महिला के हाथ से उसका बैग छीन लिया और वहां से भाग गए। घटना की रपट दर्ज करा दी आर है। दर्ज रपट में सन्नी कन्याल पुत्र सुरेश कुमार निवासी होमदेव कालोनी बिन्दुखेड़ा ने कहा है कि 4 जून को रात्रि लगभग 8:30 बजे वह अपनी पत्नी व ढाई वर्ष के पुत्र के साथ बाइक पर सवार होकर रूद्रपुर से घर की ओर जा रहा था। मार्ग में रेव सिनेमा के सामने दो बाईक सवार अज्ञात व्यक्ति पीछे से आए और उसकी पत्नी के हाथ से बैग छीन लिया। जिसमें दो पेन्डराईव, पत्नी का आधार कार्ड, पेन कार्ड नगदी 1000 रूपये, एक फोन एवम् सोने का मंगल सूत्र था।लेकर भाग गए। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्कूल के लिये निकली छात्रा लापता

काशीपुर। घर से स्कूल के लिए निकली है छात्रा बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की प्राथमिकी दर्ज कर गायब छात्रा का पता लगाना शुरू कर दिया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कुंडेश्वरी क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री बीते 7 जुलाई की सुबह लगभग 6:30 बजे घर से स्कूल के लिए निकली लेकिन इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों को इसकी चिंता सताने लगी। उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर गाए छात्रा की तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मामले की तहरीर पुलिस को देने पर पुलिस ने धारा 365 आईपीसी के अंतर्गत मामले की दर्जगी कर गायब छात्रा का पता लगाना शुरू कर दिया है।

# घर से मुरादाबाद के लिए निकला युवक लापता

काशीपुर। घर से मुरादाबाद के लिए निकला एक युवक बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवक का पता लगाना शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक वार्ड नंबर 21 मोहल्ला महेशपुरा पश्चिमी 18 वर्षीय मोहम्मद अनस बीते 6 जुलाई की सुबह लगभग 8:00 बजे आवश्यक कार्य बस घर से मुरादाबाद के लिए निकला लेकिन वापस घर नहीं लौटा। इस दौरान परिजनों ने तमाम संभावित स्थानों पर तलाशी के बाद मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के



आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवक का पता लगाना शुरू कर दिया है।

# बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

काशीपुर। अपराधिक वारदात को अंजाम देने की नियत से चहलकदमी कर रहे एक बदमाश को पुलिस ने शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से चाकू बरामद किया है। पूछताछ के बाद गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने कर्बला मैदान के पास से संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए एक शख्स को धर दबोचा। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम लखनपुर रामनगर निवासी हिमांशु पाल पुत्र राजकुमार बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से पुलिस को चाकू बरामद हुआ। गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा चालान कर दिया गया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

CONSTRUCTING HAPPINESS

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000